| Series : HF1EG | SET – 4 |
|---|---|

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

| प्रश्न-पत्र कोड Q.P. Code | 56 |
|---|---|

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राष्ट्रीय कैडेट कोर
# NATIONAL CADET CORPS (NCC)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*
*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **21** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Please check that this question paper contains **21** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

~

*सामान्य निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं ।*

*(ii) भाग-**I** सभी के लिये अनिवार्य है ।*

*(iii) भाग-**II** के प्रश्न चयनित विंग के अनुसार हल किये जायेंगे ।*

*(iv) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं; परंतु आतंरिक विकल्प दिये गये हैं ।*

*(v) प्रश्न-पत्र में प्रश्नों के लिये **1, 2, 4** और **6** अंक निर्धारित हैं ।*

*(vi) **2** अंक वाले प्रश्न का उत्तर **50** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vii) **4** अंक वाले प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(viii) **6** अंक वाले प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो ।*

**भाग – I** **49**

**(Common Subjects)**

**खण्ड – ए**

1. सही विकल्प का चयन कीजिए : **11 × 1 = 11**

(i) निम्नलिखित में से किसे पहले एनसीसी गीत के रूप में चुना गया था ?

(A) हम शमशीर उठा लेंगे (B) हम सब हिंदी हैं

(C) कदम मिला के चल (D) हम सब भारतीय हैं

(ii) भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए एनसीसी 'सी' प्रमाण-पत्र धारक को क्या प्रोत्साहन दिया जाता है ?

(A) सभी कोर्स में 10% रिक्तियाँ

(B) सभी कोर्स में 15% रिक्तियाँ

(C) सभी कोर्स में रिक्तियों का 5%

(D) चयनित कोर्स में रिक्तियों का 10%

(iii) किस अधिनियम ने भारत में ईस्ट इण्डिया कंपनी के शासन को समाप्त कर दिया ?

(A) अमृतसर की संधि (B) व्यपगत का सिद्धांत

(C) भारत स्वतंत्रता अधिनियम (D) भारत सरकार अधिनियम

(iv) विद्युत पैनल में लगी आग को बुझाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा अग्निशामक यंत्र सबसे उपयुक्त होगा ?

(A) सोडा एसिड (B) सीटीसी कार्बन डाइऑक्साइड

(C) सूखा रासायनिक पाउडर (D) फोम टाइप

## General Instructions :

*(i)* *The question paper consists of **two** sections.*

*(ii)* *Part-**I** is compulsory for **all**.*

*(iii)* *Part-**II** shall be attempted as per the chosen wing.*

*(iv)* ***All** questions are compulsory. Internal choices are given.*

*(v)* *The paper consists of **1, 2, 4** and **6** mark(s) questions.*

*(vi)* *The answer to **2** marks question should not exceed **50** words.*

*(vii)* *The answer to **4** marks question should not exceed **150** words.*

*(viii)* *The answer to **6** marks question should not exceed **250** words.*

## PART-I **49**

### (Common Subjects)

### SECTION – A

1. Choose the correct option : **11 × 1 = 11**

(i) Which of the following was selected as the first NCC song ?

(A) Hum Shamshir Utha Lenge (B) Hum Sab Hindi Hain

(C) Kadam Mila Ke Chal (D) Hum Sab Bhartiya Hain

(ii) For joining the Indian Air Force, what incentive is given to a NCC 'C' Certificate holder ?

(A) 10% of vacancies in all courses

(B) 15% of vacancies in all courses

(C) 5% of vacancies in all courses

(D) 10% of vacancies in selected courses

(iii) Which Act put an end to the rule of East India Company in India ?

(A) Treaty of Amritsar (B) Doctrine of Lapse

(C) India Independence Act (D) Government of India Act

(iv) Which of the following fire extinguisher would be most suitable for extinguishing fire on an electric panel ?

(A) Soda Acid (B) CTC Carbon Dioxide

(C) Dry Chemical Powder (D) Foam Type

(v) निम्नलिखित में से किसे भूकंप और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं में मदद के लिए नियुक्त नहीं किया जाता है ?

(A) एसडी/एसडब्ल्यू एनसीसी कैडेट (B) होम गार्ड

(C) नागरिक स्वयंसेवक (D) जेडी/जेडब्ल्यू एनसीसी कैडेट

(vi) निम्नलिखित में से कौन सा ड्रिल का सिद्धांत (उसूल) नहीं है ?

(A) चतुराई (B) स्थिरता

(C) ग्लैमर (D) समन्वय

(vii) विश्राम की स्थिति में एड़ियों के बीच की दूरी क्या होनी चाहिए ?

(A) 12 इंच (B) 18 इंच

(C) 10 इंच (D) 15 इंच

(viii) परेड विसर्जन का आदेश कब दिया जाता है ?

(A) छोटे ब्रेक के लिए

(B) इनाम के लिए

(C) जब परेड को दोबारा फाल–इन होने की आवश्यकता नहीं होती है

(D) लंबे ब्रेक के लिए

(ix) 1939 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा गठित प्रगतिशील समूह का क्या नाम था ?

(A) पूर्ण स्वराज (B) फॉरवर्ड ब्लॉक

(C) काँग्रेस (D) इण्डियन एसोसिएशन

(x) निम्नलिखित में से कौन सा व्यावसायिक कौशल नहीं है ?

(A) नलसाज़ी (B) सिलाई

(C) बढ़ईगिरी (D) पढ़ना

(xi) निम्नलिखित में से कौन सा एक जैविक प्राकृतिक संसाधन नहीं है ?

(A) लकड़ी (B) लौह अयस्क

(C) कोयला (D) माँस

(v) Who of the following is not employed for helping in natural disasters like earthquake and floods ?

(A) SD/SW NCC Cadets (B) Home Guards

(C) Civilian volunteers (D) JD/JW NCC Cadets

(vi) Which of the following is not a principle (Usul) of drill ?

(A) Smartness (B) Steadiness

(C) Glamour (D) Coordination

(vii) What should be the distance between the heels in Stand at Ease (Vishram) position ?

(A) 12 inch (B) 18 inch

(C) 10 inch (D) 15 inch

(viii) When the word of command for Dismissing the Parade (Visarjan) is given ?

(A) For a short break

(B) For reward

(C) When the parade is not required to fall-in again

(D) For a long break

(ix) What was the name of the progressive group formed by Netaji Subhash Chandra Bose in 1939 ?

(A) Poorna Swaraj (B) Forward Block

(C) Congress (D) Indian Association

(x) Which of the following is not a vocational skill ?

(A) Plumbing (B) Tailoring

(C) Carpentry (D) Reading

(xi) Which of the following is not a biotic natural resource ?

(A) Wood (B) Iron ore

(C) Coal (D) Meat

## खण्ड – बी

2. (a) एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण अकादमियों को सूचीबद्ध करें । 2

अथवा

(b) एनसीसी मुख्यालय से लेकर एनसीसी बटालियन/यूनिट तक एनसीसी का एक ऑर्गेनोग्राम बनाएँ ।

3. (a) भारत छोड़ो आंदोलन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें । 2

अथवा

(b) ऑल इण्डिया होम रूल लीग पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें ।

4. (a) साइट ऐलाइनमेंट की प्रक्रिया का वर्णन करें । 2

अथवा

(b) राइफल .22" डीलक्स बीए पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें जिसमें इसकी लंबाई, मैगजीन क्षमता, मजल वेलॉसिटी और कुतर शामिल हों ।

5. सही ट्रिगर नियंत्रण की प्रक्रिया का वर्णन करें । 2

6. आप एक मैनेजर हैं । अधीनस्थों के प्रति सहानुभूति आपके काम में कैसे मदद करेगी ? वर्णन करें । 2

7. एक जिम्मेदार नागरिक की कोई चार विशेषताएँ बताइए । 2

8. भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए किन्हीं दो साक्षरता वृद्धि कार्यक्रमों को सूचीबद्ध करें । 2

9. आपकी एनसीसी बटालियन अग्नि निवारण सप्ताह मना रही है । रसोईघर की आग को रोकने के लिए गृहिणियों के एक समूह को अग्नि संबंधी सावधानियाँ समझाने के लिए आपको आपके बटालियन कमांडर द्वारा नामित किया गया है । आप महिलाओं के लिए अपनी ब्रीफिंग में कौन–कौन से बिंदु शामिल करेंगे ? 4

## SECTION – B

2. (a) Enlist the training academies for the training of Associate NCC Officers (ANO). **2**

**OR**

(b) Draw an organogram of the NCC from NCC Headquarters down to NCC Battalion/ Unit.

3. (a) Write a short note on Quit India Movement. **2**

**OR**

(b) Write a short note on All India Home Rule League.

4. (a) Describe the process of Sight Alignment. **2**

**OR**

(b) Write a short note on Rifle .22" Deluxe BA covering its length, magazine capacity, muzzle velocity and caliber.

5. Describe the process of correct trigger control. **2**

6. You are a Manager. How would Empathy towards subordinates help you in your work ? Describe. **2**

7. Enumerate any four characteristics of a responsible citizen. **2**

8. Enlist any two literacy enhancement programs launched by the Government of India. **2**

9. Your NCC Battalion is observing a Fire Prevention Week. You have been nominated by your battalion commander to explain fire precautions to a group of housewives to prevent kitchen fires. Which all points would you include in your briefing to the ladies ? **4**

10. (a) अच्छे आदेश (Word of Command) के लिए महत्त्वपूर्ण कारकों को सूचीबद्ध करें और संक्षेप में टाइमिंग का वर्णन करें । **4**

**अथवा**

(b) ड्रिल में दिए जाने वाले आदेशों (Individual Words of Command) को सूचीबद्ध करें ।

11. पैराग्राफ पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : **4**

अर्जुन वाजपेई विश्व प्रशंसित भारतीय पर्वतारोही हैं । 2010 में, जब उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की, तब उनकी उम्र सिर्फ 16 साल थी । दुनिया में 14 पर्वत चोटियाँ (माउंट एवरेस्ट सहित) हैं जो 8,000 मीटर से अधिक ऊँची हैं । इन चोटियों को "आठ-हजारी" के नाम से भी जाना जाता है । इन सभी पर अब तक केवल 40 पर्वतारोही ही चढ़ पाए हैं । किसी भी भारतीय पर्वतारोही ने यह मुकाम हासिल नहीं किया है । इस श्रेणी में अर्जुन वाजपेई 8 "आठ-हजारी" पर्वत चोटियों पर चढ़ चुके हैं ।

(a) अर्जुन वाजपेई ने माउंट एवरेस्ट पर कब चढ़ाई की ? **1**

(b) कौन सी पर्वत चोटियाँ "आठ-हजारी" के नाम से जानी जाती हैं ? **1**

(c) अर्जुन वाजपेई अब तक कितनी "आठ-हजारी" पर चढ़ाई कर चुके हैं ? **1**

(d) अब तक कितने पर्वतारोहियों ने सभी "आठ-हजारी" पर्वत चढ़े हैं ? **1**

12. सभी सफल लोगों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और स्कूल को दिया है । विद्यालय का वातावरण हमारे व्यक्तित्व को किस प्रकार आकार देता है ? चर्चा करें । **4**

## खण्ड – सी

13. पैराग्राफ पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : **2**

भारत में नगरपालिका ठोस कचरे में लगभग 45% में खाद्य अपशिष्ट और बायोडिग्रेबल्स शामिल हैं । सूखा कचरा, जिसमें काँच, धातु, प्लास्टिक, कागज़, रबर शामिल हैं, कुल कचरे का लगभग 35% है । अकेले प्लास्टिक कचरे का उत्पादन 2600 टन प्रतिदिन है । एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें अपशिष्ट को कम करने के लिए चार आर (R) यानी रिफ्यूज, रिड्यूस, रीसायकल और रीयूज को अपनाना चाहिए ।

(a) हमारे द्वारा उत्पन्न सूखे कचरे की संरचना क्या है ? **1**

(b) अपशिष्ट रीसायकल से आप क्या समझते हैं ? **1**

10. (a) Enlist the important factors for a good Word of Command and explain the Timing. **4**

**OR**

(b) Enlist the individual words of command given in drill.

11. Read the paragraph and answer the questions given below : **4**

Arjun Vajpai is world acclaimed Indian Mountaineer. In 2010, when he scaled the Mount Everest, he was just 16 years old. There are 14 mountain peaks (including the Mount Everest) in the world which are higher than 8,000 metres. These peaks are also known as "Eight-thousanders". Only 40 mountaineers have so far climbed all of them. No Indian mountaineer has achieved this milestone. In this category, Arjun Vajpai has climbed 8 "Eight-thousanders" mountain peaks.

(a) When did Arjun Vajpai scale the Mount Everest ? **1**

(b) Which mountain peaks are known as "Eight-thousanders" ? **1**

(c) How many "eight-thousanders" has Arjun Vajpai climbed so far ? **1**

(d) How many climbers have scaled all "Eight-thousanders" so far ? **1**

12. All successful people have attributed their success to their teachers and school. How environment in school does shape our personality ? Discuss. **4**

## SECTION – C

13. Read the paragraph and answer the questions given below : **2**

In India around 45% of municipal solid waste comprises food, waste and biodegradables. Dry waste comprising of glass, metal, plastic, paper, rubber accounts for approximately 35% of total waste. Plastic waste generation alone is 2600 tons per day. As a responsible citizen, we must adopt four R's i.e. Refuse, Reduce, Recycle and Reuse to minimize waste generation.

(a) What is the composition of dry waste generated by us ? **1**

(b) What do you understand by waste Recycle ? **1**

14. पैराग्राफ पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : **6**

मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जो तब होती है जब हमारे रक्त में ग्लूकोज बहुत अधिक हो जाता है । इंसुलिन अग्न्याशय द्वारा बनाया गया एक हार्मोन है जो ग्लूकोज को ऊर्जा के लिए उपयोग करने के लिए हमारी कोशिकाओं में जाने में मदद करता है । यदि हमें मधुमेह है, तो हमारा शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या इसका ठीक से उपयोग नहीं करता है । मधुमेह दो प्रकार का होता है – टाइप 1 और टाइप 2 ।

टाइप 1 मधुमेह में हमारा शरीर बहुत कम या बिल्कुल भी इंसुलिन नहीं बनाता है । यह आमतौर पर बच्चों में पाया जाता है । टाइप 1 मधुमेह वाले लोगों को प्रतिदिन इंसुलिन लेने की आवश्यकता होती है ।

टाइप 2 मधुमेह में हमारे शरीर की कोशिकाएँ इंसुलिन का ठीक से उपयोग नहीं कर पाती हैं । अग्न्याशय भले ही इंसुलिन बना रहा हो लेकिन रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त नहीं बना रहा होता है । टाइप 2 मधुमेह का सबसे आम प्रकार है । मोटापे से ग्रस्त लोगों और जिनके परिवार में मधुमेह का इतिहास रहा हो, उनमें टाइप 2 मधुमेह विकसित होने की संभावना अधिक होती है ।

मधुमेह से बचने के लिए हमें शारीरिक व्यायाम करना, संतुलित आहार लेना, धूम्रपान और शराब पीने से बचना चाहिए और यदि मधुमेह है तो नियमित रूप से दवा लेनी चाहिए ।

(a) कौन सी ग्रंथि हमारे शरीर में इंसुलिन का उत्पादन करती है ? **1**

(b) हम मधुमेह से कैसे बच सकते हैं ? **2**

(c) मधुमेह कितने प्रकार के होते हैं ? **1**

(d) टाइप 1 मधुमेह ज्यादातर ________ में पाया जाता है । **1**

(e) किन लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित होने की सबसे अधिक संभावना है ? **1**

## भाग – II **21**

## (Special Subjects)

## (Army Wing)

## खण्ड – डी

15. सही विकल्प का चयन कीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) एक सेक्शन की नफरी क्या होती है ?

(A) 7 जवान (B) 10 जवान

(C) 12 जवान (D) 8 जवान

14. Read the paragraph and answer the questions given below : **6**

Diabetes is a disease that occurs when our blood glucose is too high. Insulin is a hormone made by the pancreas that helps glucose get into our cells to be used for energy. If we have diabetes, our body does not make enough insulin or use it properly. Diabetes is of two types – Type 1 and Type 2.

In Type 1 diabetes, our body makes little or no insulin. This is usually found in children. People with Type 1 diabetes need to take insulin every day.

In Type 2 diabetes, the cells in our body do not use insulin properly. The pancreas may be making insulin but is not making enough to control blood glucose level. Type 2 diabetes is the most common type of diabetes. People with obesity and a family history of diabetes are more likely to develop Type 2 diabetes.

To avoid diabetes, we need to do physical exercise, eat balanced diet, avoid smoking and drinking and if diabetic, take medication regularly.

(a) Which gland produces insulin in our body ? **1**

(b) How can we avoid diabetes ? **2**

(c) How many types of diabetes are there ? **1**

(d) Type 1 diabetes is mostly found in ________. **1**

(e) Who are the people most likely to develop Type 2 diabetes ? **1**

## PART – II **21**

## (Special Subjects)

## (Army Wing)

## SECTION – D

15. Choose the correct option : **5 × 1 = 5**

(i) What is the strength of a section ?

(A) 7 Jawan (B) 10 Jawan

(C) 12 Jawan (D) 8 Jawan

(ii) यह पारंपरिक चिह्न मानचित्रों में क्या दर्शाता है ?

[redacted]

(A) अंतर्राष्ट्रीय सीमा
(B) ट्रैक
(C) नदी
(D) रेलवे लाइन

(iii) ग्रिड बियरिंग को कैसे मापा जाता है ?

(A) उपग्रह
(B) दूरबीन
(C) सर्विस प्रोट्रैक्टर
(D) कम्पास

(iv) निम्नलिखित में से कौन सा पहलू बैटल क्राफ्ट का हिस्सा नहीं है ?

(A) फासले का अनुमान लगाना
(B) फायर एंड मूव
(C) सेक्शन फोर्मेशन्स
(D) फील्ड सिग्नल्स

(v) रात्रि में फासले का अनुमान लगाने के लिए कौन सी विधि उपयुक्त है ?

(A) हाविंग
(B) ब्रैकेटिंग
(C) सेक्शन एवरेज
(D) की रेंज

## खण्ड – ई

16. (a) आपका मित्र 12वीं की परीक्षा दे रहा है । उसके विषय भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित हैं । वह सेना में भर्ती होने का इच्छुक है । उन्हें सेना की 10+2 टेक एंट्री के बारे में जानकारी दें । **2**

**अथवा**

(b) शत्रु के ख़िलाफ कार्रवाई के लिए दिए जाने वाले वीरता पुस्कारों को सूचीबद्ध करें ।

17. त्रिकोणमितीय बिंदु पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें । **2**

18. चुंबकीय भिन्नता क्या है ? चर्चा करें । **2**

19. लाइन संचार के क्या नुकसान हैं ? **2**

(ii) What do this conventional sign represent in maps ?

[redacted]

(A) International boundary (B) Track

(C) River (D) Railway line

(iii) How is grid bearing measured ?

(A) Satellite (B) Binocular

(C) Service protractor (D) Compass

(iv) Which of the following aspect is not a part of the battle craft ?

(A) Judging distance (B) Fire and move

(C) Section formations (D) Field signals

(v) Which method is suitable for judging distance at night ?

(A) Halving (B) Bracketing

(C) Section average (D) Key range

## SECTION – E

16. (a) Your friend is appearing in his 12th exams. He has Physics, Chemistry and Mathematics as subjects. He is desirous of joining the Army. Inform him about 10+2 Tech Entry of the Army. **2**

**OR**

(b) Enlist the gallantry awards which are given for actions in the face of enemy.

17. Write a short note on Trigonometric Point. **2**

18. What is magnetic variation ? Discuss. **2**

19. What are the disadvantages of line communication ? **2**

20. एरो हेड सेक्शन फॉर्मेशन का एक आरेख बनाएँ जिसमें सेक्शन के प्रत्येक सदस्य की स्थिति दर्शाई गई हो । 4

**खण्ड – एफ**

21. पैराग्राफ पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : 4

परमवीर चक्र (पीवीसी) भारत का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है । इसकी स्थापना 26 जनवरी, 1950 को हुई थी । 1947 से अब तक 21 योद्धाओं ने पीवीसी जीता है, जिनमें से सात अपनी वीरगाथा बताने के लिए जीवित रहे । मेजर सोमनाथ शर्मा पीवीसी के पहले विजेता थे । भारतीय सेना ने 20 बार पीवीसी जीता है । भारतीय वायु सेना के लिए, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों ने भारत–पाक युद्ध 1971 के दौरान पीवीसी जीता था । भारतीय नौसेना ने अब तक पीवीसी नहीं जीता है । सेना की रेजिमेंटों की बात करें तो ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट के पास तीन पीवीसी हैं और सिख रेजिमेंट, कुमाऊँ रेजिमेंट, जम्मू और कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट और पूना हॉर्स ने इसे दो बार जीता है ।

(a) परमवीर चक्र को भारत के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार के रूप में कब स्थापित किया गया था ? 1

(b) भारतीय वायु सेना के लिए परमवीर चक्र का एकमात्र विजेता कौन है ? 1

(c) सेना की किस रेजिमेंट ने अधिकतम संख्या में परमवीर चक्र जीते हैं ? 1

(d) परमवीर चक्र के पहले विजेता कौन थे ? 1

**भाग – II** **21**

**(Special Subjects)**

**(Navy Wing)**

**खण्ड – डी**

15. सही विकल्प का चयन कीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) एनडीए कैडेट एंट्री (यूपीएससी) के लिए शैक्षणिक योग्यता क्या है ?

(A) भौतिकी और गणित के साथ 10+2

(B) भौतिकी और गणित के साथ 11वीं

(C) बीएससी (भौतिकी और गणित)

(D) जीवविज्ञान और भौतिकी के साथ 10+2

20. Make a diagram of the Arrow Head Section Formation showing the position of each member of the section. **4**

## SECTION – F

21. Read the paragraph and answer the questions given below : **4**

Param Vir Chakra (PVC) is the highest gallantry award of India. It was instituted on 26 January 1950. Since 1947, 21 warriors have won the PVC out of which seven warriors lived to tell the tale of their heroic action. Major Somnath Sharma was the first winner of the PVC. Indian Army has won PVC 20 times. For the Indian Air Force, Flying Officer Nirmal Jit Singh Sekhon, won PVC during Indo-Pak War 1971. Indian Navy has not won PVC so far. Talking of the regiments of the Army, the Grenadiers regiment has three PVCs and the Sikh regiment, Kumaon regiment, Jammu and Kashmir Rifles regiment and Poona Horse have won it twice.

(a) When was Param Vir Chakra instituted as the highest gallantry award of India ? **1**

(b) Who is the sole winner of the Param Vir Chakra for the Indian Air Force ? **1**

(c) Which regiment of the Army has won maximum numbers of Param Vir Chakra ? **1**

(d) Who was the first winner of the Param Vir Chakra ? **1**

## PART – II **21**

## (Special Subjects)

## (Navy Wing)

## SECTION – D

15. Choose the correct option : **5 × 1 = 5**

(i) What is the educational qualification for the NDA Cadet Entry (UPSC) ?

(A) 10+2 with Physics and Mathematics

(B) $11^{th}$ with Physics and Mathematics

(C) B.Sc. (Physics and Mathematics)

(D) 10+2 with Biology and Physics

(ii) यह सेमाफोर चिह्न अंग्रेजी के किस अक्षर को दर्शाता है ?

[redacted]

(A) Z

(B) L

(C) A

(D) F

(iii) आपको कॉपर बैंड कहाँ मिलेंगे ?

(A) बंदूक

(B) चप्पू

(C) टोपी

(D) जूते

(iv) पाल और मोटर से सुसज्जित एक स्केल्ड मॉडल को __________ कहा जाता है ।

(A) ठोस मॉडल

(B) एयरो-मॉडल

(C) वर्किंग मॉडल

(D) सेलिंग मॉडल

(v) कौन सा चार्ट बंदरगाह और उनके प्रवेश को विस्तार से दिखाता है ?

(A) बड़े पैमाने के चार्ट

(B) छोटे पैमाने के चार्ट

(C) मर्केटर प्रक्षेपण

(D) मध्यम पैमाने के चार्ट


## खण्ड – ई

16. (a) आप जहाज पर एक पेट्टी अफसर हैं और इसके डेक पर काम कर रहे हैं । एक नाव से जहाज पर गोला-बारूद के बक्से लादने की आवश्यकता है । इस उद्देश्य के लिए आप जिस उपकरण का उपयोग करेंगे उसका नाम लिखें और वर्णन करें । 2

**अथवा**

(b) शैकल क्या है ? इसके क्या उपयोग हैं ?

(ii) This Semaphore sign represents which alphabet of English ?



(A) Z (B) L

(C) A (D) F

(iii) Where would you find Copper bands ?

(A) Gun (B) Oar

(C) Hat (D) Boots

(iv) A scaled model fitted with sails and motor is called _________.

(A) Solid model (B) Aero-model

(C) Working model (D) Sailing model

(v) Which chart shows the harbour and their approaches in detail ?

(A) Large scale charts (B) Small scale charts

(C) Mercator projection (D) Medium scale charts

## SECTION – E

16. (a) You are a Petty officer on a ship; working on its deck. There is a requirement to load crates of ammunition on to the ship from a boat. Name and describe the equipment you will use for this purpose. **2**

**OR**

(b) What is a Shackle ? What are its uses ?

17. नेवी में निम्न रैंकों के समकक्ष कौन से पद हैं ? रिक्त स्थान की पूर्ति करें । **2**

| | |
|---|---|
| ग्रुप कैप्टन | |
| लेफ्टिनेंट कर्नल | |
| सार्जेण्ट | |
| सूबेदार | |

18. प्रोसाइन क्या हैं ? वर्णन करें । **2**

19. डेड रेकनिंग विधि क्या है ? **2**

20. जहाज मॉडल कितने प्रकार के होते हैं ? उनमें से किसी एक का वर्णन करें । **4**

**खण्ड – एफ**

21. पैराग्राफ पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : **4**

3 दिसंबर, 1971 को, पाकिस्तान ने सीमा पर भारतीय हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और भारत–पाकिस्तान युद्ध 1971 शुरू हो गया । ऑपरेशन ट्राइडेंट भारतीय नौसेना द्वारा पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची पर किया गया एक आक्रमक अभियान था । ऑपरेशन ट्राइडेंट में क्षेत्र में युद्ध के दौरान एंटी शिप मिसाइलों का पहला उपयोग देखा गया । भारतीय नौसेना ने कमांडर बाबरू भान यादव की कमान में कराची स्ट्राइक ग्रुप को इकट्ठा किया । यह ऑपरेशन 4-5 दिसंबर की रात को चलाया गया और पाकिस्तानी जहाजों और बंदरगाह सुविधाओं को भारी नुकसान पहुँचाया गया । हमले में भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ । पाकिस्तान ने कराची में एक माइनस्वीपर, एक विध्वंसक, गोला–बारूद ले जाने वाले मालवाहक जहाज और ईंधन भंडारण टैंक खो दिए । इस ऑपरेशन को चिह्नित करने के लिए भारत हर साल 4 दिसंबर को अपना नौसेना दिवस मनाता है ।

(a) ऑपरेशन ट्राइडेंट में पहली बार किस नए हथियार का इस्तेमाल किया गया था ? **1**

(b) ऑपरेशन ट्राइडेंट कब शुरू किया गया था ? **1**

(c) भारत ऑपरेशन ट्राइडेंट का जश्न कैसे मनाता है ? **1**

(d) कराची स्ट्राइक ग्रुप का कमांडर कौन था ? **1**

17. What would be the corresponding rank of the following in the Navy ? Fill in the blanks. **2**

| | |
|---|---|
| Group Captain | |
| Lieutenant Colonel | |
| Sergeant | |
| Subedar | |

18. What are prosigns ? Describe. **2**

19. What is Dead Reckoning method ? **2**

20. How many types of ship models are there ? Describe any one of them. **4**

## SECTION – F

21. Read the paragraph and answer the questions given below : **4**

On 3 December 1971, Pakistan attacked Indian airfields along the border and the Indo-Pakistan War 1971 started. Operation Trident was an offensive operation launched by the Indian Navy on Pakistan's port city of Karachi. Operation Trident saw the first use of anti-ship missiles in combat in the region. Indian Navy assembled Karachi Strike Group under the leadership of Commander Babru Bhan Yadav. The operation was conducted on the night of 4-5 December and inflicted heavy damage on Pakistani vessels and port facilities. India suffered no losses in the attack. Pakistan lost a minesweeper, a destroyer, cargo vessel carrying ammunition, and fuel storage tanks in Karachi. India celebrates its Navy Day annually on 4 December to mark this operation.

(a) Which new weapon was used for the first time in Operation Trident ? **1**

(b) When was Operation Trident launched ? **1**

(c) How India celebrates Operation Trident ? **1**

(d) Who was the commander of Karachi Strike Group ? **1**

## भाग – II

## (Special Subjects)

## (Air Wing)

### खण्ड – डी

15. सही विकल्प का चयन कीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) मिग-21 बाइसन लड़ाकू विमान की अधिकतम गति कितनी है ?

(A) 2230 किमी प्रति घंटा (B) 1700 किमी प्रति घंटा

(C) 2500 किमी प्रति घंटा (D) 2000 किमी प्रति घंटा

(ii) भारतीय वायु सेना में निम्नलिखित में से कौन सा संगठन एम्ब्रेयर जेट का संचालन करता है ?

(A) रक्षा मंत्रालय

(B) मध्य वायु कमान

(C) एयर मुख्यालय संचार स्क्वाड्रन

(D) एयर इण्डिया

(iii) चीता हेलीकाप्टर किस मूल का है ?

(A) यूएसए (B) फ्रेंच

(C) ब्रिटिश (D) स्पेनिश

(iv) शुष्क वायु में नाइट्रोजन कितने प्रतिशत उपस्थित होती है ?

(A) 65% (B) 45%

(C) 80% (D) 78%

(v) _________ पृथ्वी के सबसे निकट वायुमंडलीय परत है ।

(A) थर्मोस्फीयर (B) मेसोस्फीयर

(C) क्षोभमंडल (D) समतापमंडल

### खण्ड – ई

16. (a) मानचित्रों पर दूरियाँ कैसे दर्शाई और मापी जाती हैं ? व्याख्या करें । **2**

**अथवा**

(b) मानचित्रों पर रिलीफ दर्शाने की हिल शेडिंग पद्धति के क्या नुकसान हैं ? व्याख्या करें ।

## PART – II

## (Special Subjects)

## (Air Wing)

## SECTION – D

15. Choose the correct option : **5 × 1 = 5**

(i) What is the maximum speed of MiG-21 Bison fighter aircraft ?

(A) 2230 km per hour (B) 1700 km per hour

(C) 2500 km per hour (D) 2000 km per hour

(ii) In Indian Air Force, which of the following organization operates Embraer Jet ?

(A) Ministry of Defence

(B) Central Air Command

(C) Air HQ Communication Squadron

(D) Air India

(iii) Cheetah helicopter is of which origin ?

(A) USA (B) French

(C) British (D) Spanish

(iv) In what percentage Nitrogen is present in dry air ?

(A) 65% (B) 45%

(C) 80% (D) 78%

(v) ________ is the atmospheric layer closest to the earth.

(A) Thermosphere (B) Mesosphere

(C) Troposphere (D) Stratosphere

## SECTION – E

16. (a) How distances are depicted and measured on maps ? Explain. **2**

**OR**

(b) What are the disadvantages of Hill Shading method of depicting relief on the maps ? Explain.

17. ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान मिराज 2000 के उपयोग पर एक संक्षिप्त टिप्पणी करें। 2

18. सी-130 जे हरक्यूलिस विमान पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 2

19. ग्लाइडर के प्रकारों को सूचीबद्ध करें। 2

20. हम अंतर्राष्ट्रीय मानक वायुमंडल के मापदंडों का उपयोग क्यों करते हैं ? उस एजेंसी का नाम बताइए जो उसे परिभाषित करती है। 4

## खण्ड – एफ

21. पैराग्राफ पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : 4

एयर कमोडोर मेहर सिंह को 1 अगस्त, 1936 में एक पायलट अधिकारी के रूप में वायुसेना में कमीशन मिला। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान विशिष्टता के साथ सेवा की और उन्हें Distinguished Service Order से सम्मानित किया गया। आजादी के बाद एयर कमोडोर मेहर सिंह एयर ऑफिसर कमांडिंग नंबर 1 ऑपरेशनल ग्रुप थे जो जम्मू और कश्मीर में ऑपरेशन को नियंत्रित करते थे। उनकी व्यक्तिगत देखरेख में भारतीय सेना की पहली टुकड़ी कश्मीर पर पाकिस्तान के हमले को विफल करने के लिए 27 अक्टूबर, 1947 को श्रीनगर में उतरी थी। 12 दिसंबर, 1947 को मेहर सिंह ने पुंछ छावनी में उड़ान भरी, जो नवंबर से पाकिस्तानी आक्रमणकारियों द्वारा घेराबंदी में था। मेहर सिंह मेजर जनरल के.एस. थिमैया को लेकर 24 मई, 1948 को लेह की घिरी हुई छावनी में उतरे, और लेह की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। वह लद्दाख में दौलत बेग ओल्डी हवाई पट्टी पर उतरने वाले पहले पायलट भी थे। 26 जनवरी, 1950 को, एयर कमोडोर मेहर सिंह को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व गुणों, पेशेवर कौशल साहस और बहादुरी के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

(a) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मेहर सिंह ने कौन सा पुरस्कार जीता था ? 1

(b) आजादी के बाद मेहर सिंह किस संगठन की कमान संभाल रहे थे ? 1

(c) मेहर सिंह के साथ लेह तक किसने उड़ान भरी थी ? 1

(d) मेहर सिंह को महावीर चक्र से कब सम्मानित किया गया था ? 1

17. Write a short note on the employment of Mirage 2000 during Operation Safed Sagar. **2**

18. Write a short note on C-130 J Hercules aircraft. **2**

19. Enlist the types of Gliders. **2**

20. Why do we use parameters of International Standard Atmosphere ? Name the agency who defines it. **4**

## SECTION – F

21. Read the paragraph and answer the questions given below : **4**

Air Commodore Mehar Singh was commissioned as a Pilot Officer in air force on 1 August, 1936. He served with distinction during the World War 2 and was awarded the Distinguished Service Order. After the Independence Air Commodore Mehar Singh was Air Officer Commanding No. 1 Operational Group controlling the operations in Jammu & Kashmir. Under his personal supervision, Indian Army's first contingent was flown into Srinagar on 27 October, 1947 to repulse the Pakistan's attack on Kashmir. On 12 December 1947, Mehar Singh flew into Poonch garrison, which was under siege by Pakistani invaders since November. Mehar Singh flew with Maj Gen K.S. Thimayya into the besieged garrison of Leh on 24 May 1948, paving way for liberation of Leh. He was also the first pilot to land at Daulat Beg Oldie airstrip in Ladakh. On 26 January 1950, Air Commodore Mehar Singh was awarded Maha Vir Chakra for his outstanding leadership qualities, professional skills and courage and bravery.

(a) Name the award won by Mehar Singh during World War 2 ? **1**

(b) Which organization was Mehar Singh commanding after the Independence ? **1**

(c) Who flew with Mehar Singh to Leh ? **1**

(d) When was Mehar Singh awarded Maha Vir Chakra ? **1**